जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 32 | संख्याः 349 | प्रभात | उदयपुर, सोमवार 20 अक्टूबर, 2025 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.50 रु.

लद्दाख प्रतिनिधियों की गृह मंत्रालय से 22 को वार्ता

लेह, 19 अक्टूबर। पिछले महीने हुई हिंसा के बाद, लद्दाख के प्रतिनिधि 22 अक्तूबर को दिल्ली में गृह मंत्रालय के साथ बातचीत करेंगे। इस बैठक में लेह एपेक्स बॉडी, कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस और लद्दाख के सांसद की ओर से तीन-तीन सदस्य शामिल होंगे।

ज्ञातव्य है कि लेह में बीते 24 सितंबर को राज्य का दर्जा और छठी

■ **दिल्ली में हो रही इस वार्ता में लेह एपेक्स बॉडी, कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस और लद्दाख के सांसद की ओर से तीन-तीन सदस्य शामिल होंगे।**

अनुसूची की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन हिंसक हो गए थे, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इसके बाद कर्फ्यू और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं, जिससे जनजीवन और व्यापार दोनों प्रभावित हुए।

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को भी इस प्रदर्शन के बाद हिरासत में लिया गया था। एक सप्ताह

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अवकाश की सूचना

दीपावली के पावन पर्व पर राष्ट्रदूत कार्यालय में 20 व 21 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 23 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

- व्यवस्थापक

महागठबंधन बिहार की सीटों के बंटवारे में उलझा

प्रायः सभी घटक दलों के प्रत्याशी स्वतंत्र रूप से नामांकन दाखिल करने में जुटे

पटना, 19 अक्टूबर। खुद को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को चुनौती देने वाला सबसे मज़बूत विपक्षी मोर्चा कहने वाला महागठबंधन अपने घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर उलझ गया है और चुनाव में प्रथम चरण में नामांकन की वापसी की अंतिम तिथि समीप आने के साथ उनका आपस में तालमेल अब "महा-विवाद" बनता जा रहा है।

महागठबंधन के घटक दल हफ़्तों से बातचीत में मशगूल हैं लेकिन 17 अक्टूबर को पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी सीटों के बंटवारे का फ़ॉर्मूला अंतिम रूप से सामने नहीं आ पाया है। महागठबंधन के घटक, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, वामपंथी दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) सभी ने स्वतंत्र रूप से नामांकन दाखिल किए हैं।

महागठबंधन के घटक दलों में तालमेल के अभाव में "फ्रेंडली फाइट" के हालात उत्पन्न हो गए हैं, क्योंकि महा गठबंधन के उम्मीदवारों ने अपने तीर

■ **यदि महागठबंधन के घटकों में "फ्रेंडली फाइट" के हालात बने रहे तो विपक्ष के वोटों का बंटवारा हो जाएगा, जो भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के लिए लाभदायक हो सकता है।**

का तरकश एक दूसरे की तरफ तान दिया है। कहा जा रहा है कि महागठबंधन के एक से ज्यादा उम्मीदवारों का एक ही सीट पर लड़ना, वोट बंटवारे का कारण बनेगा, जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग को करीबी मुकाबलों में निर्णायक बढ़ त मिल सकती है।

छह नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए 121 सीटों पर नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर है, ऐसे में महागठबंधन के नेताओं को पूरा विश्वास है कि एक ही सीट पर दो घटक दलों के उम्मीदवारों के नामांकनों का मामला सुलझ जाएगा। राजद, कांग्रेस और वीआईपी के नेताओं ने कहा कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों के अतिरिक्त उम्मीदवार तालमेल के बाद अपने नामांकन वापस ले लेंगे।

मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर आम सहमति न बनने से महागठबंधन की स्थिति और जटिल हो गई है। राजद ने कथित तौर पर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है, जबकि कांग्रेस की ओर से कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

इस बीच, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के फैसले ने महागठबंधन को एक और झटका दिया है। झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनकी पार्टी कुछ भी सहन कर सकती हैं, लेकिन अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं कर सकती।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान नामांकन जांच में मिली त्रुटियों ने महागठबंधन की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। वीआईपी के गणेश भारती ने हस्ताक्षर न होने के कारण अपना पार्टी चिह्न खो दिया और अब वह कुशेश्वरस्थान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। राजग की ओर से भी मढ़ौरा से लोजपा (रामविलास) उम्मीदवार भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन खारिज कर दिया गया, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन के पास उस सीट के लिए कोई उम्मीदवार नहीं बचा है।

पेरिस के लूव्र म्यूज़ियम से नेपोलियन काल के गहने चोरी

पेरिस, 19 अक्टूबर। फ्रांस की राजधानी पेरिस के विख्यात लूव्र म्यूज़ियम से रविवार की सुबह ऐतिहासिक और बहुमूल्य गहनों की चोरी हो गयी।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तीन-चार नकाबपोश निर्माणाधीन क्षेत्र से एक

■ **सीन नदी के किनारे स्थित लूव्र म्यूज़ियम विश्व के सबसे प्रसिद्ध म्यूज़ियमों में से एक है।**

मालवाहक लिफ्ट के सहारे, म्यूज़ियम का शीशा तोड़ कर, उस कमरे में घूस गए जहाँ नेपोलियन और महारानी से संबंधित संग्रह रखे हुए थे। उस संग्रह से वे नौ गहने चुरा ले गए।

रिपोर्ट के मुताबिक सुबह 9:30 से 9:40 के बीच चोर कथित तौर पर स्कूटर पर आए और केवल सात मिनट में दिनदहाड़े इस डकैती को अंजाम देकर चले गए।

फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज़ ने कहा कि नुकसान का आकलन अभी किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि लूटेरों से संबंधित एक स्कूटर बरामद हुआ है और आगे की जांच चल रही है।

फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने एक्स पर एक पोस्ट में सूचना दी कि रविवार को संग्रहालय बंद रहेगा, क्योंकि यहाँ सुबह चोरी हुयी है।

उल्लेखनीय है कि सीन नदी के किनारे स्थित लूव्र म्यूजियम विश्व के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अयोध्या में 26 लाख दिये जलाये, 2100 वेदाचार्यों ने आरती की

दीपोत्सव समारोह में गिनीज़ बुक ने वर्ल्ड रिकॉर्ड के दो प्रमाण पत्र दिये

अयोध्या, 19 अक्टूबर। दीपावली के मौके पर रामनगरी अयोध्या में 26,17,215 दीये जलाए गए। इसके साथ ही वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव समारोह के दौरान बनाए गए दो नए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाण पत्र लिए। यहां एक साथ सबसे ज्यादा लोगों द्वारा दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। अयोध्या में साल 2017 से दीपोत्सव कार्यक्रम हो रहा है। हर साल यहां दीयों की संख्या बढ़ जाती है। शुरुआत में यहां एक लाख के करीब दीये जलाए गए थे। अब यह संख्या 26 लाख के पार पहुंच चुकी है।

लगातार नौवीं बार यह विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है।

दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य

■ **दीपोत्सव के बाद भव्य आतिशबाजी तथा ड्रोन शो का आयोजन हुआ। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु इस अवसर पर अयोध्या आये थे।**

आतिशबाजी और ड्रोन शो का आयोजन हुआ।

गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीयों की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीये जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीये में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया गया, इससे स्वयंसेवकों को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई।

सीएम योगी ने दीपोत्सव के मौके पर कहा कि जहां कभी गोलियां चली थीं, वहां अब दीये जल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दीये 500 वर्षों के अंधकार पर विजय का प्रतीक हैं।

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में संतों और महंतों का अभिवादन किया। वेसरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव में शामिल होने पहुंचे हैं। इस मौके पर अयोध्या में शानदार ड्रोन शो और आतिशबाजी भी हुई।सीएम योगी ने कहा, "मैं दीपोत्सव 2025 पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। दीपोत्सव के इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने उत्तर प्रदेश की एक पहचान बनाने की कोशिश की है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों की पहचान से समझौता न हो और कोई भी उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे, उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद, हमने निरंतर प्रयास किए हैं।"

दीपोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगभग 10 हजार जवानों ने सुरक्षा की कमान संभाली। खुफिया एजेंसियां विभिन्न स्वरूपों में इनपुट तलाशती रहीं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएसी, आरएएफ के जवान मुस्तैद रहे। आयोजन सकुशल संपन्न होने पर सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली है।